# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 39वीं बैठक के कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 39 वीं |
| स्थान | : | डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ। |
| दिनांक | : | 22 अप्रैल, 2022 |
| समय | : | अपराह्न : 02.30 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी

## की

## प्रशासकीय परिषद की 39वीं बैठक के कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 39 वीं बैठक दिनांक 22.04.2022 को अपराह्न 02:30 बजे माननीय अध्यक्ष प्रो० संजय गोविन्द धांडे, पूर्व निदेशक, आई०आई०टी०, कानपुर की अध्यक्षता में डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के सभागार में सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा० प्रो० संजय गोविन्द धांडे<br>पूर्व निदेशक<br>आई०आई०टी०, कानपुर<br>58, ब्यूना मोन्टे, पंचवटी पाशन<br>पुणे-411008 | अध्यक्ष |
| 2. | श्री कृपा शंकर सिंह<br>विशेष सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा उ० प्र० शासन,<br>लखनऊ | उपाध्यक्ष<br>(प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा) |
| 3. | श्री ज्ञानपाल सिंह<br>वित्त अधिकारी<br>डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ | सदस्य<br>(प्रतिनिधि, अपर प्रमुख सचिव वित्त विभाग, उ०प्र० शासन, लखनऊ) |
| 4. | माननीय प्रो० प्रदीप कुमार मिश्रा<br>कुलपति<br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय, सेक्टर-।।<br>जानकीपुरम विस्तार योजना,<br>लखनऊ | सदस्य |
| 5. | प्रो० डी० सी० श्रीवास्तव<br>प्रोफेसर<br>भू-विज्ञान विभाग<br>आई०आई०टी०रुड़की<br>रुड़की | सदस्य<br>(प्रतिनिधि, निदेशक, आई०आई०टी, रुड़की) |
| 6. | इं० के० राम<br>संयुक्त निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा, उ० प्र०<br>कानपुर | सदस्य<br>(प्रतिनिधि, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर) |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | डा0 रचना अस्थाना<br>निदेशक<br>ए0आई0टी0एच0,<br>कानपुर | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एस0 के0 अवस्थी<br>पूर्व निदेशक<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी | सदस्य |
| 9. | इं0 मनोज कुमार सचान<br>चीफ जनरल मैनेजर<br>पारीक्षा थर्मल पावर प्रोजेक्ट,<br>झाँसी | सदस्य |
| 10. | डा0 टी0 सी0 शमी<br>वैज्ञानिक–जी<br>अपर निदेशक (सेवानिवृत्त)<br>डी0एम0एस0आर0डी0ई0,<br>कानपुर | सदस्य |
| 11. | प्रो0 अभय कुमार वर्मा<br>प्रोफेसर, सिविल इंजी0 विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी | सदस्य |
| 12. | प्रो0 एन0 पी0 यादव<br>प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजी0 विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी | सदस्य |
| 13. | प्रो0 पुलक एम0 पाण्डेय<br>निदेशक<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी | सदस्य सचिव |

**जो सदस्य उपस्थित न हो सके :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 अभय करन्दीकर<br>निदेशक<br>आई0आई0टी0 कानपुर<br>कानुपर | सदस्य |
| 2. | प्रो0 एच0 डी0 चरन<br>कुलपति<br>राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय, कोटा | सदस्य |
| 3. | प्रो0 आर0 पी0 सिंह<br>पूर्व निदेशक<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर | सदस्य |

Shanti



PMPandey

4. प्रो० एस० पी० चौरसिया सदस्य
प्रोफेसर
कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग
एम०एन०एन०आई०टी०
जे०एल०एन० मार्ग,
जयपुर

5. शिशिर सिन्हा सदस्य
प्रोफेसर
कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग
आई०आई०टी०, रुड़की

**39.01 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 25 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुई 38वीं विशेष बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा पूर्व में सम्पन्न हुई 38वीं बैठक के कार्यवृत्त पर किसी सदस्य की कोई टिप्पणी प्राप्त नही हुई। अतः कार्यवृत्त की परिषद द्वारा पुष्टि की गई।

**39.02 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 को सम्पन्न हुई 37वीं बैठक मे लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की 37 वीं बैठक दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयों से परिषद अवगत हुई एवं की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

**39.03 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 25 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुई 38वीं विशेष बैठक मे लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की 38 वीं विशेष बैठक दिनांक 25 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयों से परिषद अवगत हुई बैठक के कार्यवृत्त मे लिये गये निर्णय 15 दिनों के अन्दर कार्यान्वित करने का निर्देश दिया गया ।

**39.04 संस्थान द्वारा वर्तमान में कराये जा रहे निर्माण कार्यों, भविष्य में प्रस्तावित निर्माण कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।**

प्रशासकीय परिषद ने संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति आख्या से अवगत होते हुये अपना संतोष व्यक्त किया। परिषद ने सभी निर्माण कार्यो में गुणवत्ता बनाये रखने हेतु तृतीय पक्ष आडिट कराने हेतु निर्देशित किया।

Bharti



P Pandey

**39.05 ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

प्रशासकीय परिषद ने ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान में चल रहे विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की रिर्पोट ली। परिषद द्वारा उक्त कार्यो की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि चल रहे कार्यों को या तो शीघ्रता से समय सीमा के अन्दर पूर्ण किया जाये अन्यथा ए0के0टी0यू0, लखनऊ को वस्तुस्थित से अवगत करा दिया जाये एवं क्रय प्रक्रिया बंद कर दी जाये। परिषद ने कार्य पूर्ण किये जाने हेतु किसी भी प्रकार के समयावधि विस्तारण के विचार पर असहमति व्यक्त की।

**39.06 संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु किये जा रहे कार्यों की प्रगति परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।**

प्रशासकीय परिषद को संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिससे परिषद संतुष्ट हुई एवं परिषद ने संस्थान में चल रहे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों को भी एन0बी0ए0 द्वारा एक्रीडेट कराने हेतु निर्देशित किया।

**39.07 संस्थान में डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित इंक्यूवेशन सेन्टर की प्रगति आख्या परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान में डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा वित्तपोषित इंक्यूवेशन सेन्टर की प्रगति आख्या से अवगत हुई। परिषद ने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुये ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा आवंटित 50 लाख की धनराशि का ससमय नियमानुसार उपयोग करने का परामर्श दिया।

**39.08 संस्थान द्वारा छात्र–छात्राओं का प्लेसमेन्ट बढ़ाये जाने सम्बंधी की जा रही कार्यवाही की प्रगति परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

संस्थान के प्लेसमेंट कार्यो पर डा० एन० एस० बेनीवाल, प्रभारी ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट के द्वारा प्रशासकीय परिषद के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। संस्थान द्वारा छात्र–छात्राओं का प्लेसमेंट बढ़ाये जाने सम्बन्धित की गई कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद ने संस्थान के प्लेसमेंट की दशा एवं किये गये प्रयासों पर असंतोष व्यक्त करते हुये प्लेसमेंट अधिकारी एवं निदेशक को यथा सम्भव प्रयास करने हेतु निर्देशित किया।

**39.10 संस्थान कर्मियों को उ० प्र० सरकार की भाँति चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान किये जाने का प्रस्ताव परिषद के समक्ष विचारार्थ/ अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद अवगत हुई कि, संस्थान मे कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान संस्थान मे गठित समिति के माध्यम से परीक्षण के उपरान्त समिति की संस्तुति पर संस्थान के स्तर से भुगतान किया जाता है। उक्त प्रस्ताव पर संस्थान कर्मियों को उ०प्र० सरकार के कर्मचारियों की भाँति ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान किये जाने की परिषद ने स्वीकृति प्रदान की।

संस्थान में कार्यरत समस्त कर्मियों का ग्रुप मेडिकल इंशोरेंस कराया जाये तथा ग्रुप मेडिकल इंशोरेंस के प्रीमियम का भुगतान संबन्धित कर्मियों के वेतन से कटौती करने का प्रस्ताव भी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर भी सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया तथा पूर्ण प्रस्ताव अनुमोदन हेतु आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

[redacted]

39.12 **<u>कैम्पस वाइड नेटवर्किंग की ए0एम0सी0 हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से प्रकाशित निविदा के सम्बंध में मा0 विधायक अनुराग सिंह द्वारा की गयी शिकायत के उपरान्त अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा गठित समिति की जाँच आख्या के सम्बंध मे।</u>**

संस्थान में कैम्पस वाइड नेटवर्किंग के रख रखाव हेतु ए0एम0सी0 (एनुअल मेन्टीनेंस कान्टेक्ट) जैम पोर्टल पर संस्थान द्वारा निविदा अपलोड की गयी थी। जिसकी अनुमानित लागत रू0 10 लाख थी। निविदाओं

को खोलने के उपरान्त एल-1 फर्म की ए0एम0सी0 हेतु दर रू0 1622500.00 थी। चूंकि प्राप्त दर अनुमानित लागत से अधिक होने के कारण संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की 57वी0 बैठक के मद संख्या 57.05 द्वारा आदेशित किया गया कि निविदा प्रक्रिया करते हुये पुनः निविदा की कार्यवाही की जाये। तदोपरान्त मा0 विधायक श्री अनुराग सिंह, सदस्य विधांन सभा, उ0प्र0 द्वारा पत्र के माध्यम से शासन को मा0 विधायक को प्राप्त शिकायत को अग्रसारित किया गया था। शासन के आदेश के क्रम में मा0 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा एक समिति का गठन कर प्रकरण की जॉच किये जाने के आदेश दिये गये।

प्राप्त शिकायती पत्र के सभी बिन्दुओं पर जॉच करने के उपरान्त समिति द्वारा यह निष्कर्ष निकाला गया कि मा0 विधायक को प्राप्त शिकायत के समस्त बिन्दु निराधार एवं औचित्यहीन है।

उक्त प्रकरण का परिषद ने संज्ञान लिया एवं प्रशासकीय परिषद द्वारा रिर्पोट को स्वीकार करते हुये प्रकरण को बन्द करने का निर्देश दिया, क्योंकि शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत निराधार एवं औचित्यहीन पायी गई।

3.14 <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।</u>

प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्न पाठ्यक्रमों को संस्थान में चलाये जाने हेतु निर्देशित किया।

क. UG/PG Programme in Mining

ख. Minor Degree along with B. Tech. programme in the area of Agriculture.

ग. Minor Degree along with B. Tech. programme in the area of Healthcare.

घ. Minor Degree along with B. Tech. programme in the area of Law.

ङ. Minor Degree along with B. Tech. programme in the area of Defence Technology

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यबाद ज्ञापन के उपरान्त सम्पन्न हुई।

Pulak Pandey
29.04.2022

**प्रो0 पुलक मोहन पाण्डेय**
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बी0आई0ई0टी0, झाँसी

**मा0 अमृत अभिजात**
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बी0आई0ई0टी0, झाँसी
एवं
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा विभाग
उ0 प्र0 शासन, लखनऊ

**प्रो0 संजय गोविन्द धांडे**
माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बी0आई0ई0टी0, झाँसी

अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बी.आई.ई.टी., झाँसी